भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2122
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निधि

2122. डॉ. राजीव भारद्वाजः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पर्यटन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार को दी जा रही सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत दस वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत बजटीय आवंटन का योजना-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और चम्बा जिलों में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए कोई योजना बनाने का है; और

(घ) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं के लिए सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में 68.34 करोड़ रुपये की लागत से 'हिमालय परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीड़, पालमपुर, चम्बा का विकास' परियोजना को स्वीकृति दी है जिसमें से 64.54 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/उत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(लाख रुपए में)

वर्ष	**मेलों और त्यौहारों के नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
2017-18	अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव	25.00	25.00
2018-19	अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव	25.00	25.00
2019-20	अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव	25.00	25.00

	शिवरात्रि पर्व	25.00	25.00
2021-22	अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि पर्व	25.00	25.00
2022-23	अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि पर्व	25.00	25.00
	अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव	25.00	25.00

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता हेतु समय-समय पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन इन प्रस्तावों को परियोजनाओं का रूप दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय हिमाचल प्रदेश राज्य के पर्यटन गंतव्यों सहित भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। पर्यटन मंत्रालय देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करने के लिए विदेश स्थित और देश के भीतर महत्वपूर्ण तथा संभावित बाजारों में मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी हिमाचल प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों का संवर्धन किया जाता है।

****